**लूटपाट** 16 .50 लाख के चना से लोड ट्रक ले उड़े, सिहोरा रोड पीपल देवरी में कार सवारों ने की वारदात

# हथियारों से लैस बदमाशों ने किया ट्रक ड्राइवर का अपहरण

**नवभारत, जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत सिहोरा रोड पीपल देवरी में आधी रात को कार से पहुंचे हथियारों से लैस बदमाशों ने ओवरटेक करते हुए पहले एक ट्रक को रोका इसके बाद ट्रक ड्राइवर का अपहरण कर 16 लाख 50 हजार रूपए की चने की 550 बोरियों से लदा ट्रक लूट लिया। रास्ते में हमला कर ड्राइवर को फेंक कर 11 लाख का ट्रक चना समेत लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन करते हुए प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई ।

पुलिस के मुताबिक संतोष सेन निवासी वार्ड नं. पांच लोको थाना कोतवाली जिला दमोह का ड्राईवरी का काम करता है। सोमवार रात्रि करीब 9 बजे गायात्री ट्रेडर्स दमोह से ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5647 से 550 बोरी चना कीमती करीबन 16 लाख 50 हजार रुपया का भरकर दमोह से कटनी लेकर जा रहा था। संतोष सोमवार एवं सोमवार की दरमियानी रात्रि 1:30 बजे जब सिहोरा रोड पीपल देवरी के आगे पहुंचा तो एक बिना नंबर की कार से कुछ व्यक्ति उसके ट्रक का पीछे करते हुए आये और ट्रक के आगे जाकर रोक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया।

### स्प्रे छिड़का, जीपीएस पूछा, बेरहमी से पीटा

ट्रक को रोकने के बाद कार से 4 व्यक्ति उतरे थे और ट्रक ड्राइवर पर नशीला स्प्रे कर उसकी बेरमी से पिटाई करने लगे थे। हथियारों से लैस बदमाश मारपीट के दौरान



ट्रक में जीपीएस कहां लगा है ड्राइवर से पूछने लगे थे ड्राइवर ने कहां नहीं मालूम तो उसके साथ मारपीट करते रहे इसके बाद बेहोश हो गया था।

### हाथ बांध कर रास्ते में फेंका, सुबह आया होश

ड्राइवर के बेहोशन होन के बाद कार सवार बदमाश चना से लदा ट्रक लेकर भाग गए। इस दौरान ड्राइवर को रास्ते में फेंक दिए थे। इसके बाद एक ट्रक तो तीन कार लेकर फरार हो गया। जब मंगलवार सुबह करीब चार बजे ड्राइवर संतोष सेन को होश आया तो वे आश्रम के पास पड़ा था उसके टेप से हाथ बंधे थे। मारपीट से आंख, दांत, सिर मे पीछे तरफ, पूरे बदन में चोट थी।

### नगदी, मोबाइल भी ले गए

बदमाश ड्राइवर के पास रखे दस हजार रूपए नगद, एक मोबाइल भी लूटकर ले गए है। सुबह पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है ।साथ ही सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। संदेहियों से पूछताछ चल रही है।

### ट्रक शहपुरा में पकड़ाया, एक हिरासत में

अपहरण और ट्रक लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। थाना पुलिस के साथ आसपास के थानों की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। सूत्रों की माने तो शहपुरा पुलिस ने ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ लिया है। 11 लाख रूपए के ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5647 चना लोड समेत एक आरोपी को भी हिरासत में लिया है जबकि अन्य फरार हो गए। जिनकी तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ चल रही है।

# चौथी मंजिल से गिरी महिला की मौत

**एसकेआर रेसीडेंसी का मामला**
**हादसा या सुसाइड, छानबीन में जुटी पुलिस**

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत एसकेआर रेसीडेंसी की चौथी मंजिल से मंगलवार को एक महिला की गिरने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतिका किसी हादसे का शिकार हुई है या उसने सुसाइड किया है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस हर एंगल पर छानबीन कर रही है ।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गोराबाजार आरकेआर रेसीडेंसी में आशीष कुशवाहा पत्नी रिया रमानी 35 वर्षीय और पांच साल की बेटी के साथ रहता है। आशीष मनेरी की एक फैक्ट्री में काम करता है। मंगलवार सुबह आठ बजे रिया अचानक चौथी मंजिला से नीचे गिर गई। जिससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों



में गंभीर चोटें आ गई। गार्ड ने देखा तो इसकी सूचना तुरंत आशीष को दी सूचना मिलते ही वे नीचे उतरे तो देखा कि पत्नी खून से लथपथ फर्श पर पड़ी थी जिसे आनन-फानन में तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई

गोराबाजार थाना प्रभारी संजीव त्रिपाठी ने बताया कि महिला की गिरने से मौत हुई है। मामले की जांच जारी है बयान दर्ज नहीं हो सके है विस्तृत छानबीन के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। साथ ही सोसायटी में लगे सीसीटीव्ही कैमरों को भी खंगाला। सोसायटी में रहने वालों से भी पूछताछ की लेकिन इसका पता नहीं चल सका कि रिया किन परिस्थितियों में गिरी है।

### 2018 में की थी लव मैरिज हत्या की भी आशंका

पुलिस के मुताबिक रिया और आशीष ने 2018 में लव मैरिज की थी। पुलिस ने मृतिका का मोबाइल भी जब्त कर लिया है। जिसकी भी जांच होगी। साथ ही मृतिका के परिजनों, कॉलोनीवासियों के बयान दर्ज होगे जिसके बाद स्पष्ट हो सकेगा कि मृतिका ने आत्महत्या की है या किसी हादसे का शिकार हुई। हत्या की आशंका भी जांच चल रही है।

### पिकअप ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर में पिकअप ने मोटर सायकल सवारों को रौंद दिया। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि संजय सिंह राजपूत 48 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना गोसलपुर ने सूचना वह खेती किसानी करता है। टिकरिया के कुंवरलाल पटैल और प्रमोद कुमार पटेल अपने घर से मोटर सायकल से ग्राम भीटा जा रहे थे मोटर सायकल प्रमोद चला रहा था। कुशनेर बिज पेट्रोल पम्प के पास पनागर में सामाने तरफ से आ रही स्वराज माजदा क्रमांक एमपी 20 जीए 6925 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये जिससे दोनों को चोटें आईं थीं परिजनों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के कुंवरलाल पटेल 83 वर्ष की मौत हो गयी।

# अवैध कॉलोनी बनाई, 248 प्लाट बेचे

**तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर**

**नवभारत, जबलपुर।** बिना अनुमति अवैध कॉलोनी बनाकर 248 प्लाट बेचने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर (ईओडब्ल्यू) ने लाल बहादुर शास्त्री गृह निर्माण समिति, जबलपुर के तत्कालीन अध्यक्ष गया प्रसाद विश्वकर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में रमा कांत मिश्रा, जबलपुर के द्वारा शिकायत करते हुए बताया गया था कि लाल बहादुर शास्त्री गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों द्वारा सांठगांठ कर समिति की भूमि



को गैर कानूनी तरीके से बेच दिया गया। मामले की जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर द्वारा की गई। संपूर्ण जांच पर पाया गया कि तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये अवैध कॉलोनी बनाकर सदस्यों को 248 प्लाट अवैध रुप से बेचे गये। कालोनी का कोई प्लान, नक्शा नगर एवं ग्राम निवेश द्वारा स्वीकृत नहीं हुआ और न ही नगर निगम जबलपुर द्वारा भी इस कालोनी की कोई स्वीकृति दी गई । आरोपी गया प्रसाद विश्वकर्मा तत्कालीन अध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री गृह निर्माण समिति जबलपुर खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

### बिना स्वीकृत ले-आउट प्लाटों को बेचा

जांच में पाया गया कि लाल बहादुर शास्त्री गृह निर्माण सहकारी समिति का पंजीयन वर्ष 1983 में किया गया था। वर्ष 1989 में समिति के अध्यक्ष द्वारा ले-आउट स्वीकृति के लिए नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय जबलपुर में आवेदन प्रस्तुत किया था। नगर व ग्राम निवेश कार्यालय जबलपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन को परीक्षण के पश्चात समिति अध्यक्ष को ले-आउट में सुधार कर पुन: आवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था, किंतु नगर एवं ग्राम निवेश जबलपुर द्वारा सुझाये गये सुधारों को पूर्ण न कर तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा बिना स्वीकृत ले-आउट के ही प्लाटों को बेच दिया।

# मंडी में पसरा सन्नाटा, मटर की आवक हुई कम



**व्यापारियों को आखिरी सीजन के मटर का इंतजार**

**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी बायपास स्थित ओरिया मटर मंडी में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है, जिससे मटर की आवक बेहद कम हो गई है।

इन दिनों कुछ ही संख्या में मंडी परिसर पर किसान मटर लेकर पहुंच रहे हैं। जिससे मंडी परिसर में कामकाज भी सामान्य रूप से चल रहा है। मंडी व्यापारियों ने नवभारत को बताया कि फरवरी के आखिरी सप्ताह और मार्च की शुरुआत में सीजन का आखिरी मटर आने की संभावना है। जिसका इंतजार सभी व्यापारी कर रहे हैं, उसके बाद मटर अगले सीजन में ही देखने को मिलेगा।

### 2 माह जमकर रही आवक

उल्लेखनीय है कि नवीन मटर मंडी में 1 दिसंबर 2025 से मटर की खरीदी शुरू हो गई थी। विगत 2 महीने में मटर की जमकर आवक रही है। जहां शुरुआती दिनों में किसानों को इसका अच्छा रेट भी मिला, वहीं जब बीच में इसकी आवक काफी हद तक बढ़ गई थी तो धीरे-धीरे इसके भाव भी गिरते चले गए।

इस सीजन में शुरुआती दिनों में 100 रुपए किलो से भी ज्यादा का मटर बिका था। वहीं अब इसका रेट 10 से 20 रुपए प्रति किलो के बीच उतार चढ़ाव में चल रहा है।

### इस वर्ष नहीं हुआ कोई खास नुकसान

विगत वर्ष मटर के सीजन में हुई बारिश के चलते किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। इस वर्ष भी सिर्फ दीपावली के समय हुई बारिश से शुरुआती दौर का मटर खराब हुआ था लेकिन उसके बाद जिन किसानों ने धान की फसल के ऊपर मटर की बुवाई की, उनको किसी भी तरह से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसके अलावा दिसंबर माह में भी अत्यधिक ठंड और बारिश की मार भी मटर को नहीं झेलनी पड़ी, इसके चलते इस वर्ष किसानों को मटर की फसल में कोई खास नुकसान नहीं हुआ, जिससे लगातार मटर की आवक बढ़ती रही।

# डेढ़ दशक बाद भी नहीं हुआ सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान

**जबलपुर।** सेवानिवृत्ति देयक तथा पेंशन का भुगतान नहीं किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस एम एस भट्टी ने एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि उक्त याचिका साल 2010 में दायर की गयी थी। पिछले आदेश में जीपीएफ से रुपये निकालने सहित अन्य कटौती के संबंध में जानकारी पेश करने निर्देश दिये थे,जिसका पालन नहीं किया गया। एकलपीठ ने जानकारी पेष करने के लिए एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुए कोर्ट में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी पर दस हजार की कॉस्ट लगाई है। कॉस्ट की राशि जिला शिक्षा अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से जमा करनी होगी।

शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए प्रकाश नारायण शुक्ला की तरफ से साल 2010 में उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि सेवानिवृत्ति के बाद देयकों का भुगतान नहीं किया गया। उनकी पेंशन भी प्रारंभ नहीं की गयी है। जिसके कारण उनके परिवार को आर्थिक तंगी की समस्या से गुजरना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता दिव्यांग है और कोई दया व अनुग्रह नहीं बल्कि सालो की सेवा के एवज में अर्जित वैध अधिकार का हकदार है। याचिका में कहा गया था कि उसकी जीपीएफ राशि 65 हजार,6वें वेतनमान की एरियर की राशि 1 लाख 7 हजार,अवकाश नगदीकरण के 1 लाख 70 हजार तथा ग्रेच्युटी ने 3 लाख 58 हजार रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने अपने आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी से निर्देश लेकर फरवरी 2011 के बाद पत्राचार के बाद की गयी कार्यवाही के संबंध में शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये थे। इसके अलावा जीपीएफ कटौती का पूरा विवरण जुटाया गया और उसकी जानकारी लोक शिक्षण विभाग को संयुक्त निदेशक को भेजी गयी।

याचिका पर मंगलवार हो हुई सुनवाई के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होने बताया कि पूरी जानकारी एकत्र नहीं हो पाई है। उन्होंने एकलपीठ से एक सप्ताह का समय प्रदान करने का आग्रह किया। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी करते हुए एक सप्ताह का समय प्रदान किया है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अगली सुनवाई के दौरान जानकारी पेष नहीं की गयी तो प्रमुख सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर गलती के संबंध में जानकारी देंगे।

## सूर्य बदलने जा रहे है राशि, मौसम पर पड़ेगा असर



**जबलपुर, नवभारत।** अभी तक मकर राशि में चल रहे सूर्य दो दिन बाद अपनी राशि बदलने जा रहे हैं। ग्रहों के राजा सूर्य का ये राशि परिवर्तन कई तरीकों से खास रहने वाला है। वो इसलिए क्योंकि कुंभ शनि की राशि है और शनि सूर्य पुत्र हैं ऐसे में ग्रहों का ये संयोग कुछ जातकों के जीवन में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस राशि में बुध, शुक्र, राहु पहले से विराजमान हैं। ऐसे में 13 फरवरी को कुंभ में सूर्य के आ जाने के बाद यहां चार ग्रहों की युति हो जाएगी। तो वहीं बुध और सूर्य के मिलन से एक बार फिर बुधादित्य योग बन जाएगा ।इसका सीधा असर मौसम पर पड़ेगा। चिए जानते हैं कुंभ में चर्तुग्रही योग किसकी किस्मत चमकाएगा, सूर्य गोचर से मौसम पर क्या असर होगा। सूर्य गोचर इन राशि के जातकों के लिए आर्थिक लाभ दिलाएगा। आपको धन आने का मामूली योग बनते दिख रहा है। आपकी संतान को लाभ हो सकता है। संतान से आपके सहयोग भी मिल सकता है।

### इन राशि पर सूर्य गोचर का असर

वृष राशि वालों के लिए ये समय सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। आपके माता पिता को स्वास्थय लाभ होगा। आपके पिता को कष्ट हो सकता है। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको कार्यालय में आप सावधान रहने की जरूरत है। वही मिथुन राशि वालों को भाग्य से कोई साथ नहीं मिलेगा। आपकी सफलता में कमी आ सकती है। हालांकि आपके पराक्रम में और क्रोध में वृद्धि हो सकती है।

# अस्पताल में मिली गंदगी, मैनेजर पर लगाया स्पॉट फाइन

**नगर निगम मजिस्ट्रेट ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण**
**बिल्डिंग निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार पर भी लगाया जुर्माना**

**नवभारत,जबलपुर।** विशेष मजिस्ट्रेट नगर निगम अरूण कुमार गोयल द्वारा शहर के जिला चिकित्सालय विक्टोरिया अस्पताल जबलपुर में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में अत्यधिक गंदगी, बदबू एवं अनेकों अव्यवस्थाएं पाई गयीं। इस दौरान उन्होंने आउॅटसोर्सिंग के मैनेजर पर स्पॉट फाइन किया। इसी तरह अस्पताल की बिल्डिंग निर्माण के ठेकेदार द्वारा अत्यधिक गंदगी एवं सतर्कता से कार्य न करने पाये जाने पर ठेकेदार के उपर भी जुर्माना लगाया।



मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोयल ने बिल्डिंग निरीक्षण के बाद अस्पताल की पाकशाला का भी बारीकी से अवलोकन किया ताकि मरीजों को मिलने वाले भोजन की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान श्री गोयल ने खाद्य निरीक्षकों के बैठने के लिए उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिये ताकि निगरानी करने वाली टीम पूरी क्षमता और बेहतर माहौल में अपना काम कर सके। निरीक्षण के समय विक्टोरिया अस्पताल के मैनेजर अरूण शाह एवं नगर निगम के सी.एस.आई. हर्षा पटैल, अमितकांत दुबे, क्रांति कुमार, अजय कुमार, शोभित पाण्डेय एवं आरती मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# 2 .27 करोड़ का फ्रॉड : रिमांड खत्म, नए नाम उगल जेल गए ठग

**शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर की गई थी धोखाधड़ी**

**नवभारत, जबलपुर।** शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर 2 करोड 27 लाख रूपए की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में श्रीनगर जम्मू कश्मीर एवं यूपी से दबोचे गए साइबर ठगो की मंगलवार को रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें कोर्ट ने जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी से जुड़े नेटवर्क को लेकर पुलिस को अहम जानकारियां दी है। साथ ही गिरोह से जुड़े नए नाम भी उगले है। जिसके आधार पर पुलिस की आगे की विवेचना चल रही है जिसमें नए खुलासे होने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक जबलपुर निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात के द्वारा शेयर बाजार में निवेश कर प्रतिदिन 5 प्रतिशत रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक रिटर्न देने का वाद किया एवं अल्पकालिक पूंजी लाभ और दीर्घकालिक पूंजी लाभ दोनों में निवेश कराने एवं शेयरों और सस्ते दर पर बल्क ट्रेडिंग में अच्छा मुनाफा दिलाने का वादा कर 2 करोड़ 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की । इसके बाद मिले क्लू पर श्रीनगर जम्मू कश्मीर में दबिश देते हुये आरोपी नसीर एहमद शेख पिता अब्दुल अहद शेख 55 वर्ष निवासी बांदीपुर मस्जिद के पास थाना बांदीपुर गुरुरा अरगांव रोड जिला बांदीपुर जम्मू एंड कश्मीर एवं सहारनपुर उत्तर प्रदेश में दबिश देते हुये मोहम्मद अजहर पिता अब्दुल खालिक 25 वर्ष निवासी आजाद कॉलोनी गली नं. 10 सहारनपुर उप्र को गिरफ्तार कर शहर लाया गया था।

### चंडीगढ़-दिल्ली में पुलिस देगी दबिश

आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेकर हुई पूछताछ में यह बात सामने आई कि चंडीगढ़ और दिल्ली में एजेंटों के बीच डील हुई थी। साथ ही सरगना पंजाब का था जिसके खाते में रकम भेजी गई थी। पकड़े गए आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी की राशि में से 45 लाख रुपये की राशि अपने खाते में ट्रांसफर करवाकर अपने सरगना के खातों में हस्तांतरित की गई थी। अब पुलिस पंजाब, दिल्ली में भी छापेमारी की तैयारी में है।

### ट्रांजेक्शन, नए नामों से जुड रही कड़िया

पूछताछ में आरोपियों ने नए नाम बताये। इसके साथ ठगी की रकम जिन खातों में ट्रांसफर हुई है इसकी पड़ताल चल रही है। पुलिस की टीम ट्रांजेक्शन और नए नामों को लेकर कडिया जोड़कर आगे की जांच पड़ताल कर रही है। गिरोह में और कौन कौन शामिल है इसका भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57